श्याम पे विश्वास कर | by Tinka Soni

यूँ तो इस ज़िन्दगी में मतलब के लोग चाँद मिलते हैं
लेकिन जब ज़रूरत पड़ती है तब सबके दरवाज़े बंद मिलते हैं

ना किसी से रख उम्मीदें ना किसी से आस कर
झूठी दुनिया झूठे नाते श्याम पे विश्वास कर

इनको पा ले और रिझा ले सादगी भरे भाव से
भाव से जो भी खिला दे खा लेंगे बड़े चाव से
रूठे चाहे जग ये सारा तू इन्हे ना निराश कर
झूठी दुनिया झूठे नाते श्याम पे विश्वास कर

सुख में तेरे संग चलेंगे दु:ख में सब मुख मोड़ेंगे
दुनिया वाले तेरे बनकर तेरा ही दिल तोड़ेंगे
देते हैं भगवन को धोखा बन्दे की ना बात कर
झूठी दुनिया झूठे नाते श्याम पे विश्वास कर

तू है मेरा मैं हूँ तेरा श्याम से ये बोल दे
तू है मेरा मैं हूँ तेरा बाबा से ये बोल दे
भेद अपने मन के सारे इनके आगे खोल दे
इनसे कह दे भाव से प्रभु आके मन में वास कर
झूठी दुनिया झूठे नाते श्याम पे विश्वास कर

टिन्के को भी एक भगत ने रास्त था दिखला दिया
हार गया था जो वो जग से बाबा से मिलवा दिया
श्याम से तुझको जो मिला दे ऐसे भगत की तलाश कर
झूठी दुनिया झूठे नाते श्याम पे विश्वास कर

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%87-%e0%a4%b5%e0%a4%bf%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b8-%e0%a4%95%e0%a4%b0-by-tinka-soni/